## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 11.04.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. भारत में डिजिटल भुगतान – यू.पी.आई. व्यवस्था के दस वर्ष पूरे। वैश्विक रियल टाइम पेमेंट प्रणाली के ट्रांजैक्शन वॉल्यूम में यूपीआई की लगभग उनचास प्रतिशत हिस्सेदारी है।

2. ज्ञान भारतम् मिशन के तहत कला एवं संस्कृति विभाग ने लोगों से ऐतिहासिक महत्व की सामग्रियां साझा करने की अपील की।

3. विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) के तहत तेरेसा द्वीप में खेल के मैदान का उद्घाटन किया गया।

4. ओडिशा के कटक में आयोजित पहली अखिल भारतीय इंडोर रोइंग चैंपियनशिप में द्वीपों के खिलाड़ी बी. हरिता और बी. हरिप्रिया ने रजत पदक प्राप्त किया है।

<><><><><><><>

भारत में डिजिटल भुगतान – यू.पी.आई. व्यवस्था के दस वर्ष पूरे हो गए हैं। पिछले एक दशक में यह भारतीय भुगतान प्रणाली की रीढ़ बन गया है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने वर्ष दो हजार सोलह में यू पी आई की शुरुआत की थी, जिसके जरिए भारत में वित्तीय लेनदेन के तरीके में मूल रूप से सरलता आई है। वर्ष दो हजार इक्कीस में इस नेटवर्क से दो सौ सोलह बैंक जुड़े थे जो अब बढ़कर इस वर्ष जनवरी तक छः सौ इक्यानब्बे बैंकों तक पहुंच गए हैं। वित्त मंत्रालय के अनुसार वैश्विक रियल टाइम पेमेंट प्रणाली के ट्रांजेक्शन वॉल्यूम में यूपीआई की लगभग उनचास प्रतिशत हिस्सेदारी है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसे संस्थानों ने भी यूपीआई की व्यापकता, दक्षता और समावेशिता की सराहना की है। यूपीआई अब राष्ट्रीय सीमाओं से आगे बढ़ते हुए संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस, मॉरीशस और कतर सहित कई देशों में संचालित हो रहा है।

<><><><><><><>

संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत ज्ञान भारतम् मिशन के तहत कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से युवाओं को उनकी जड़ों से जोड़ने के लिए केंद्रशासित प्रदेश स्तरीय मिशन की शुरूआत की गई है। मिशन के तहत तीनों जिलों में पुरानी पांडुलिपियों, ऐतिहासिक दस्तावेजों, मानचित्रों, पुरानी तस्वीरों की पहचान

करना और उन्हें संरक्षित करना, ज्ञान भारतम् सर्वे ऐप पर ऐतिहासिक महत्व की सामग्रियों को अपलोड करना शामिल है। प्रशासन ने जनता, विद्वानों और संस्थानों से ऐतिहासिक महत्व की पांडुलिपियां और अभिलेखीय सामग्रियां साझा करने की अपील की है। इसमें आम जनता ऐतिहासिक महत्व की पांडुलिपियों और सामग्रियों को साझा करके, व्यक्तियों या संगठनों के पास मौजूद सामग्रियों की जानकारी देकर और द्वीपों से संबंधित दुर्लभ अभिलेखों की पहचान और दस्तावेजीकरण में सहायता करके योगदान दे सकते हैं। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि सामग्री का मालिकाना हक मूल धारकों के पास ही रहेगा। योगदानकर्ताओं को सम्मानित भी किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति कला एवं संस्कृति विभाग संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

नासा के आर्टेमिस–द्वितीय चंद्र मिशन के चारों अंतरिक्ष यात्री आज पृथ्वी पर लौट आए हैं। उनका ओरियन अंतरिक्ष यान, जिसे इंटीग्रिटी नाम दिया गया था, स्वचालित नियंत्रण प्रणाली के तहत प्रशांत महासागर में उतरा। इस रिकॉर्ड बनाने वाले चंद्र फ्लाईबाय मिशन के दौरान अंतरक्षि यात्रियों ने चंद्रमा के उन दूरस्थ हिस्से के दृश्य देखें, जिन्हें मानव आंखों द्वारा पहले कभी नहीं देखा गया था। इसके साथ ही उन्होंने पूर्ण सूर्यग्रहण का भी अवलोकन किया। दस दिन के इस मिशन के दौरान यह दल पचास वर्षों से अधिक समय बाद चंद्रमा की ओर जाने वाला पहला मानव दल बना। इसने पृथ्वी से अब–तक की सबसे अधिक दूरी तय करने का नया रिकॉर्ड भी बनाया। चारों अंतरिक्ष यात्री नासा के विशाल स्पेस लॉन्च सिस्टम रॉकेट से उड़ान भरने वाले और ओरियन अंतरिक्ष यान में यात्रा करने वाले पहले मानव भी बने।

<><><><><><><>

ग्रामीण विकास मंत्रालय के रोजगार गारंटी कार्यक्रम – विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) के तहत तेरेसा द्वीप के चुकमाची गांव में हाल ही में खेल के मैदान का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर ननकौड़ी के खंड विकास अधिकारी मोहम्मद यूनुस एम, सामुदायिक नेता और निवासी उपस्थित थे। इसका उद्देश्य गाँव के युवाओं के लिए खेल और शारीरिक गतिविधियों के लिए स्थल देना, स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा और स्थानीय खेल प्रतिभाओं को निखारना है। इसके लिए निकोबार जिला उपायुक्त अमित काले द्वारा एक लाख सत्तासी हजार तिरासी रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी और इस कार्य से स्थानीय समुदाय के लिए कुल 503 मानव दिवस का सृजन हुआ। मैदान के उद्घाटन के अवसर पर अब्नेर हैरी मेमोरियल टूर्नामेंट नामक फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस टूर्नामेंट में पाँच 'तुहेत' आधारित टीमों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी ने मैदान के उचित उपयोग तथा निरंतर रखरखाव सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

<><><><><><><>

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने अधिक से अधिक उद्यमों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार 2024 के पोर्टल को फिर से खोल दिया है। पात्र एमएसएमई निर्धारित विभिन्न श्रेणियों के तहत आधिकारिक पोर्टल dashboard.msme.gov.in/na पर 20 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। इसके अंतर्गत विनिर्माण उद्यमिता, सेवा उद्यमिता, निर्यात–उन्मुख सेवा, महिला उद्यमिता, अनुसूचित जाति– जनजाति और दिव्यांग श्रेणी के उद्यमियों सहित अन्य श्रेणियों के लिए पुरस्कार दिए जाएंगे।

<><><><><><><>

ओडिशा के कटक में आयोजित पहली अखिल भारतीय इंडोर रोइंग चैंपियनशिप में द्वीपों की खिलाड़ी बी. हरिता और बी. हरिप्रिया ने रजत पदक प्राप्त किया है। इस जोड़ी ने U–तेईस LT WT महिला पेयर वर्ग में यह सफलता हासिल की। उन्होंने शानदार प्रदर्शन कर पोडियम पर अपनी जगह पक्की की। अंडमान निकोबार रोइंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जी. भास्कर ने हरिता और हरिप्रिया को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि पर बधाई दी।

<><><><><><><>

भारत सरकार ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के स्थान पर नए SWM नियम 2026 लागू किए हैं। इनका मुख्य उद्देश्य कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन और 'चक्रीय अर्थव्यवस्था' को बढ़ावा देना है। इसके तहत कचरे का चार श्रेणियों में वर्गीकरण कर निर्धारित केंद्रों पर जमा करना होगा। नियमों का उल्लंघन करने, गलत रिपोर्टिंग करने या बिना पंजीकरण के काम करने पर पर्यावरण मुआवजा या जुर्माना लगाया जाएगा। द्वीपसमूह में अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति इन दंडों को लागू करेगी। अंडमान जैसे पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों के लिए पर्यटकों पर 'यूजर फीस' लगाई जा सकती है। होटलों और रेस्तरां के लिए विकेंद्रीकृत गीला कचरा प्रसंस्करण अनिवार्य किया गया है। केवल वही कचरा लैंडफिल में जाएगा जिसे रीसायकल नहीं किया जा सकता। बिना छंटे कचरे को लैंडफिल में डालने पर शुल्क का प्रावधान लागू किया गया है। कचरा प्रबंधन की पूरी प्रक्रिया की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जाएगी। सभी नागरिकों, संस्थानों और स्थानीय निकायों को इन नियमों का पालन करने को कहा गया है। विस्तृत नियम egazette.gov.in पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर हाल ही में चौरा द्वीप में पहली 'स्वस्थ बच्चा और खुशहाल माँ प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ननकौड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की आयुष इकाई की ओर से आयोजित किया गया। यह पूरा कार्यक्रम प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ननकौड़ी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. (लेफ्टिनेंट कर्नल) निर्मल कुमार बाजपेयी की निगरानी में आयोजित हुआ। प्रतियोगिता शून्य से एक वर्ष और दो से पांच वर्ष आयु वर्ग की श्रेणी में विभाजित किया गया था। विजेताओं को चौरा जनजातीय परिषद के सचिव हिलेरी ने नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। इसी क्रम में, एक आउटरीच होम्योपैथी स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया, जिसका बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने लाभ उठाया।

**<><><><><><><>**